Brief Summary of the National Seminar on
“Role of the Himalaya in Achieving the Vision of Viksit Bharat 2047”
24th July-25th July 2026
Assam University, Silchar
https://necouncil.gov.in/events/seminars-and-workshop

Sponsored by the North Eastern Council (NEC), Shillong.

A two-day National Seminar on “Role of the Himalaya in Achieving the Vision of Viksit Bharat 2047” was organized at Assam University, Silchar, on 24th and 25th of July, 2026. The seminar was conducted in a hybrid mode, with both in-person and online participation through Google Meet, enabling researchers and participants from different regions to join the sessions. The seminar brought together faculty members, researchers, scholars and students to discuss the ecological, social, economic and strategic importance of the Himalayan region in the context of India’s development vision for 2047. The programme provided an academic platform for discussion on themes related to Spring-shed Management and Water Security, Strategic Importance and National Security, Ecological Conservation and Traditional Wisdom, Disaster Risk Reduction and Environmental Governance, Sustainable Livelihoods and Community Empowerment, and Climate Change and Net-Zero Development.

Group photograph taken during the Inaugural Session

The seminar began on the 24th of July with the inaugural session held at the Bipin Chandra Pal Seminar Hall. The session began with the ceremonial lighting of the lamp, followed by felicitations of distinguished guests and a welcome address by Prof. Arun Jyoti Nath, Convenor of the seminar. The session was graced by Prof. Rajive Mohan Pant, Vice-Chancellor, Assam University, Silchar as the chief patron, Prof. Annpurna Nautiyal, former Vice Chancellor, HNB Garhwal University, Uttarakhand, as the chief guest, Prof. Manabendra Dutta Choudhury, Vice Chancellor, Rabindranath Thakur Vishwavidyalaya, Hojai; Prof. Niranjan Roy, Vice Chancellor, Gurucharan University and

Prof. Dilip Chandra Nath, former Vice Chancellor, Assam University, Silchar, as the Guest of Honour, Dr. Pradosh Kiran Nath, Registrar, Assam University, Silchar, as the Patron and Prof. Sudipta Roy as the chairperson of the session. Each of the distinguished guests addressed the gathering and shared their perspectives on the significance of the Himalayan region, its environmental and developmental concerns and its relevance to the vision of Viksit Bharat, 2047. Their individual addresses enriched the inaugural session by highlighting the need for greater academic engagement and collective efforts towards the sustainable development and conservation of the Himalayan region. The inaugural session was concluded with a vote of thanks delivered by Dr. Aditi Nath. The Inaugural session was hosted by Bhabna Sarma.

The proceedings then continued with the keynote address by Prof. Annpurna Nautiyal, which offered an important academic perspective on the role of the Himalayan region within the country's broader development goals. Following the keynote address, the seminar moved into its first set of technical sessions in the afternoon. Technical Session I, focused on the theme “Spring-shed Management and Water Security,” was held from 2:30 PM to 4:30 PM at the Internal Quality Assurance Cell (IQAC) Seminar Hall in the Administrative Building of Assam University, Silchar. The session was Chaired by Prof. Sohel Firdos and Prof. J. C. Kuniyal, with Prof. Tapati Das serving as Co-chair. The invited lectures were delivered by Dr. Rajesh Joshi and Dr. Binesh Bhatia. The session was coordinated by Dr. Ratna Huirem. The session included 5 participants, of which 3 participants were present and delivered their presentation. The presentations under this theme discussed groundwater security, indigenous water conservation practices, spring-shed management, and sustainable mountain agriculture, and highlighted traditional water conservation practices in Northeast India.

At the same time, Technical Session II was held at the Hemangabiswa Sabha Kaksha in the Administrative Building of Assam University, Silchar. The session focused on the theme “Strategic Importance and National Security”, and was chaired by Prof. D.C. Nath and Prof. Annpurna Nautiyal, with Prof. Ritwik Mazumder as Co-chair. The session included 6 participants their presentations addressed the strategic significance of the Himalayas and its relationship with national security, borderlands, trade, regional development and the broader vision of Viksit Bharat 2047. The first day of the seminar was concluded with a cultural programme at the Bipin Chandra Pal Seminar Hall

hosted by Binita Sinha, followed by dinner at the International Guest House of Assam University, Silchar.

The second day of the seminar, held on 25th July, included four major technical sessions covering diverse environmental and development themes. Technical Session III focused on "Ecological Conservation and Traditional Wisdom" and was organised into two groups in two separate seminar halls simultaneously from 10:30 AM to 1:00 PM. Technical session III (Group A) was held at the IQAC Hall and Technical Session III (Group B) was held in Hemangabiswa Sabha Kaksha. Both the groups of the session were chaired by Prof. R.C. Sundriyal and Prof. Sabyasachi Dasgupta. Group A was coordinated by Prof. Panna Deb and Group B was coordinated by Dr. Pranab Kr Sarkar. The session had 26 participants altogether. The presentations focused on biodiversity conservation, ecosystem functioning, traditional knowledge, indigenous healthcare practices, sacred groves, shifting cultivation, home gardens, and ecological stewardship. Several presentations highlighted the importance of traditional knowledge and community practices in maintaining ecological balance.

Technical session IV focusing on "Disaster Risk Reduction and Environmental Governance" was also held simultaneously at the Seminar Hall of the Department of Computer Science and Engineering (CSE), Assam University, Silchar. The session was chaired by Dr. Rajib Gupta and Dr. Amitabha Nath, with Dr. Surajit Ghosh as the invited speaker and Dr. Aditi Nath serving as the session coordinator. The session included 6 participants and the presentations covered diverse themes including community preparedness, gender-responsive disaster management, AI- based early warning systems, landslide and flood risk reduction and the strategic significance of the Himalayan region. The presentations and subsequent discussion highlighted the importance of combining community participation, technological interventions, timely information, environmental governance and inclusive approaches to strengthen disaster preparedness and resilience in the Himalayan and Northeastern regions.

In the afternoon, between 1:00 PM and 2:00 PM, as part of the seminar activities, a plantation programme was organised at the Navagraha Garden of Assam University, Silchar. Saplings were planted by participants, faculty members and guests, reflecting the event's emphasis on

environmental conservation and sustainable practices and collective efforts. Followed by Technical Session V focusing on the theme "Sustainable Livelihoods and Community Empowerment", was held in the IQAC Hall from 2 PM to 4 PM and was chaired by Prof. Prakash C. Nautiyal and Prof. Niranjan Roy, with Prof. Tarun Bikash Sukai as Co-chair and Dr. Joyashri Dey serving as the teacher coordinator. Prof. Jayashree Rout was the invited lecturer of the session. The session included 14 participants and the presentations focused on the relationship between environmental sustainability, livelihood security and community participation. Presentations covered agroforestry, climate-resilient landscape management, rural entrepreneurship, ecotourism, bamboo-based livelihoods, sustainable agriculture and community resilience.

In the meantime, Technical Session VI focusing on theme "Climate Change and Net-Zero Development" was held simultaneously in the Hemangabiswa Sabha Kaksha Hall. The session was chaired by Prof. S.K Tripathi and Prof. Sumit Chakrabarty, with Prof. Sudipto Roy as Co-chair and Dr. Avinash Kumar serving as the teacher coordinator. Dr. Sourabh Deb was the invited speaker of the session. The session included 11 participants and the presentations included studies on anthropogenic impacts and climate resilience in Himalayan basins, carbon storage in bamboo and forest ecosystems, climate change vulnerability and adaptation among farmers practicing shifting agriculture, forest fires and strategies for reducing carbon emissions. The session was particularly relevant to the current environmental challenges faced by the Himalayan region and highlighted the need for both mitigation and adaptation measures.

The seminar concluded on 25th July 2026 with a valedictory session held at the Bipin Chandra Pal Seminar Hall. The session was hosted by Bhabna Sarma. The session began with a briefing of the seminar by the Convenor of the Seminar, Prof. Arun Jyoti Nath, followed by concluding remarks by Prof. Rajive Mohan Pant, Vice-Chancellor, Assam University, Silchar; Prof. Annpurna Nautiyal former Vice Chancellor, HNB Garhwal University, Uttarakhand and Prof. Manabendra Dutta Choudhury, Vice Chancellor, Rabindranath Thakur Vishwavidyalaya, Hojai, reflecting on the key themes and discussions held throughout the two-day seminar. The seminar was also graced by Mr. Angshuman Dey, Secretary, North Eastern Council (NEC), who addressed the gathering and highlighted the NEC's aims and objectives, its vision for the Himalayan region, and its contribution to the broader goal of Viksit Bharat 2047. He emphasized the important role of the scientific community, researchers and public participation in addressing regional challenges and supporting sustainable development. The session was concluded with the vote of thanks delivered by Dr Arnab Paul.

राष्ट्रीय संगोष्ठी की संक्षिप्त रिपोर्ट
"विकसित भारत@2047 के लक्ष्य की प्राप्ति में हिमालय की भूमिका"
24–25 जुलाई, 2026
असम विश्वविद्यालय, सिलचर

https://necouncil.gov.in/events/seminars-and-workshop

उत्तर-पूर्वी परिषद (NEC), शिलांग द्वारा प्रायोजित।

उत्तर-पूर्वी परिषद (NEC), शिलांग के प्रायोजन में "विकसित भारत@2047 के लक्ष्य की प्राप्ति में हिमालय की भूमिका" विषय पर दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन 24 एवं 25 जुलाई, 2026 को असम विश्वविद्यालय, सिलचर में किया गया। संगोष्ठी का आयोजन हाइब्रिड माध्यम से किया गया, जिसमें प्रत्यक्ष उपस्थिति के साथ-साथ Google Meet के माध्यम से ऑनलाइन सहभागिता की सुविधा भी उपलब्ध कराई गई, जिससे विभिन्न क्षेत्रों के शोधकर्ताओं एवं प्रतिभागियों को सत्रों में सहभागिता का अवसर प्राप्त हुआ। संगोष्ठी में संकाय सदस्यों, शोधकर्ताओं, विद्वानों एवं विद्यार्थियों ने सहभागिता की तथा वर्ष 2047 तक भारत के विकास की परिकल्पना के संदर्भ में हिमालयी क्षेत्र के पारिस्थितिक, सामाजिक, आर्थिक एवं सामरिक महत्व पर विचार-विमर्श किया। कार्यक्रम ने स्रोत-क्षेत्र (Spring-shed) प्रबंधन एवं जल सुरक्षा, सामरिक महत्व एवं राष्ट्रीय सुरक्षा, पारिस्थितिक संरक्षण एवं पारंपरिक ज्ञान, आपदा जोखिम न्यूनीकरण एवं पर्यावरणीय अभिशासन, सतत आजीविका एवं सामुदायिक सशक्तीकरण तथा जलवायु परिवर्तन एवं नेट-जीरो विकास जैसे विषयों पर अकादमिक चर्चा के लिए एक मंच प्रदान किया।

संगोष्ठी का शुभारंभ 24 जुलाई को बिपिन चंद्र पाल सेमिनार हॉल में आयोजित उद्घाटन सत्र के साथ हुआ। सत्र का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ, जिसके पश्चात विशिष्ट अतिथियों का अभिनंदन किया गया और संगोष्ठी के संयोजक प्रो. अरुण ज्योति नाथ ने स्वागत भाषण दिया। सत्र में प्रो. राजीव मोहन पंत, कुलपति, असम विश्वविद्यालय, सिलचर मुख्य संरक्षक; प्रो. अन्नपूर्णा नौटियाल, पूर्व कुलपति, एचएनबी गढ़वाल विश्वविद्यालय, उत्तराखंड मुख्य अतिथि; प्रो. मनबेंद्र दत्ता चौधरी, कुलपति, रवींद्रनाथ ठाकुर विश्वविद्यालय, होजाई; प्रो. निरंजन रॉय, कुलपति, गुरूचरण विश्वविद्यालय तथा प्रो. दिलीप चंद्र नाथ, पूर्व कुलपति, असम विश्वविद्यालय, सिलचर सम्मानित अतिथि के रूप में; डॉ. प्रदोष किरण नाथ, कुलसचिव, असम विश्वविद्यालय, सिलचर संरक्षक तथा प्रो. सुदीप्त रॉय सत्राध्यक्ष के रूप में उपस्थित रहे। सभी विशिष्ट अतिथियों ने सभा को संबोधित करते हुए हिमालयी क्षेत्र के महत्व, इससे संबंधित पर्यावरणीय एवं विकासात्मक चुनौतियों तथा विकसित भारत@2047 की परिकल्पना के संदर्भ में इसकी प्रासंगिकता पर अपने विचार व्यक्त किए। उनके संबोधनों से उद्घाटन सत्र समृद्ध हुआ तथा हिमालयी क्षेत्र के सतत विकास एवं संरक्षण के लिए व्यापक अकादमिक सहभागिता और सामूहिक प्रयासों की आवश्यकता पर बल दिया गया। उद्घाटन सत्र का समापन डॉ. अदिति नाथ द्वारा धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ। उद्घाटन सत्र का संचालन भावना शर्मा ने किया।

इसके पश्चात प्रो. अन्नपूर्णा नौटियाल द्वारा मुख्य व्याख्यान प्रस्तुत किया गया, जिसमें देश के व्यापक विकास लक्ष्यों के संदर्भ में हिमालयी क्षेत्र की भूमिका पर महत्वपूर्ण अकादमिक दृष्टिकोण प्रस्तुत किया गया। मुख्य व्याख्यान के उपरांत अपराह्न में संगोष्ठी के प्रथम चरण के तकनीकी सत्र आयोजित किए गए। तकनीकी सत्र-I का विषय "स्रोत-क्षेत्र (Spring-shed) प्रबंधन एवं जल सुरक्षा" था। यह सत्र अपराह्न 2:30 बजे से 4:30 बजे तक असम विश्वविद्यालय, सिलचर के प्रशासनिक भवन स्थित आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ (IQAC) सेमिनार

हॉल में आयोजित किया गया। सत्र की अध्यक्षता प्रो. सोहेल फिरदौस एवं प्रो. जे. सी. कुनियाल ने की तथा प्रो. तपति दास सह-अध्यक्ष रहीं। आमंत्रित व्याख्यान डॉ. राजेश जोशी एवं डॉ. बिनेश भाटिया द्वारा प्रस्तुत किए गए। सत्र का समन्वय डॉ. रत्ना हुइरेम ने किया। सत्र में कुल 5 प्रतिभागी थे, जिनमें से 3 प्रतिभागियों ने उपस्थित होकर अपनी प्रस्तुतियाँ दीं। इस विषय के अंतर्गत प्रस्तुतियों में भूजल सुरक्षा, स्वदेशी जल संरक्षण पद्धतियों, स्रोत-क्षेत्र प्रबंधन तथा सतत पर्वतीय कृषि पर चर्चा की गई और पूर्वोत्तर भारत में प्रचलित पारंपरिक जल संरक्षण पद्धतियों के महत्व को रेखांकित किया गया।

इसी दौरान तकनीकी सत्र-II का आयोजन असम विश्वविद्यालय, सिलचर के प्रशासनिक भवन स्थित हेमांगबिस्वा सभा कक्ष में किया गया। सत्र का विषय "सामरिक महत्व एवं राष्ट्रीय सुरक्षा" था। इसकी अध्यक्षता प्रो. डी. सी. नाथ एवं प्रो. अन्नपूर्णा नौटियाल ने की तथा प्रो. ऋत्विक मजूमदार सह-अध्यक्ष रहे। सत्र में 6 प्रतिभागियों ने भाग लिया। उनकी प्रस्तुतियों में हिमालय के सामरिक महत्व तथा राष्ट्रीय सुरक्षा, सीमावर्ती क्षेत्रों, व्यापार, क्षेत्रीय विकास और विकसित भारत@2047 की व्यापक परिकल्पना के साथ इसके संबंधों पर विचार प्रस्तुत किए गए। संगोष्ठी के प्रथम दिन का समापन बिपिन चंद्र पाल सेमिनार हॉल में आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ हुआ, जिसका संचालन बिनीता सिन्हा ने किया। इसके पश्चात असम विश्वविद्यालय, सिलचर के अंतरराष्ट्रीय अतिथि गृह में रात्रिभोज का आयोजन किया गया।

संगोष्ठी के दूसरे दिन, 25 जुलाई को, पर्यावरण एवं विकास से संबंधित विभिन्न विषयों पर चार प्रमुख तकनीकी सत्र आयोजित किए गए। तकनीकी सत्र-III का विषय "पारिस्थितिक संरक्षण एवं पारंपरिक ज्ञान" था और इसका आयोजन प्रातः 10:30 बजे से अपराह्न 1:00 बजे तक दो अलग-अलग सेमिनार हॉल में दो समूहों के रूप में समानांतर किया गया। तकनीकी सत्र-III (समूह-A) का आयोजन IQAC हॉल में तथा तकनीकी सत्र-III (समूह-B) का आयोजन हेमांगबिस्वा सभा कक्ष में किया गया। दोनों समूहों की अध्यक्षता प्रो. आर. सी. सुंद्रीयाल एवं प्रो. सब्यसाची दासगुप्ता ने की। समूह-A का समन्वय प्रो. पन्ना देब तथा समूह-B का समन्वय डॉ. प्रणब के. आर. सरकार ने किया। सत्र में कुल 26 प्रतिभागियों ने भाग लिया। प्रस्तुतियों में जैव-विविधता संरक्षण, पारितंत्र की कार्यप्रणाली, पारंपरिक ज्ञान, स्वदेशी स्वास्थ्य पद्धतियों, पवित्र उपवनों, स्थानांतरण कृषि, गृह उद्यानों तथा पारिस्थितिक संरक्षण जैसे विषयों पर चर्चा की गई। अनेक प्रस्तुतियों में पारिस्थितिक संतुलन बनाए रखने में पारंपरिक ज्ञान एवं सामुदायिक पद्धतियों के महत्व को रेखांकित किया गया।

"आपदा जोखिम न्यूनीकरण एवं पर्यावरणीय अभिशासन" विषय पर तकनीकी सत्र-IV का आयोजन असम विश्वविद्यालय, सिलचर के कंप्यूटर विज्ञान एवं इंजीनियरिंग (CSE) विभाग के सेमिनार हॉल में समानांतर रूप से किया गया। सत्र की अध्यक्षता डॉ. राजीव गुप्ता एवं डॉ. अमिताभ नाथ ने की। डॉ. सुरजीत घोष आमंत्रित वक्ता तथा डॉ. अदिति नाथ सत्र समन्वयक रहीं। सत्र में 6 प्रतिभागियों ने भाग लिया और प्रस्तुतियों में सामुदायिक आपदा-तत्परता, लैंगिक-संवेदनशील आपदा प्रबंधन, कृत्रिम बुद्धिमत्ता (AI) आधारित पूर्व चेतावनी प्रणालियों, भूस्खलन एवं बाढ़ जोखिम न्यूनीकरण तथा हिमालयी क्षेत्र के सामरिक महत्व सहित विभिन्न विषयों को शामिल किया गया। प्रस्तुतियों एवं तत्पश्चात हुए विचार-विमर्श में हिमालयी एवं पूर्वोत्तर क्षेत्रों में आपदा-तत्परता और प्रत्यास्थता को सुदृढ़ करने के लिए सामुदायिक सहभागिता, तकनीकी हस्तक्षेप, समयबद्ध सूचना, पर्यावरणीय अभिशासन तथा समावेशी दृष्टिकोण के समन्वय के महत्व को रेखांकित किया गया।

अपराह्न 1:00 बजे से 2:00 बजे तक संगोष्ठी की गतिविधियों के अंतर्गत असम विश्वविद्यालय, सिलचर स्थित नवग्रह उद्यान में वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर प्रतिभागियों, संकाय सदस्यों एवं अतिथियों द्वारा पौधारोपण किया गया। इस कार्यक्रम के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण, सतत पद्धतियों तथा सामूहिक प्रयासों के प्रति संगोष्ठी की प्रतिबद्धता को रेखांकित किया गया। इसके पश्चात "सतत आजीविका एवं सामुदायिक सशक्तीकरण" विषय पर तकनीकी सत्र-V का आयोजन अपराह्न 2:00 बजे से 4:00 बजे तक IQAC

हॉल में किया गया। सत्र की अध्यक्षता प्रो. प्रकाश सी. नौटियाल एवं प्रो. निरंजन रॉय द्वारा की गई तथा प्रो. तरुण विकास सुकाई सह-अध्यक्ष रहे। डॉ. जयश्री डे ने शिक्षक समन्वयक के रूप में कार्य किया। प्रो. जयश्री राउत सत्र की आमंत्रित व्याख्याता थीं। सत्र में कुल 14 प्रतिभागियों ने भाग लिया। प्रस्तुतियों में पर्यावरणीय सततता, आजीविका सुरक्षा एवं सामुदायिक सहभागिता के पारस्परिक संबंधों पर विशेष रूप से विचार-विमर्श किया गया। प्रस्तुतियों में कृषि-वनीकरण, जलवायु-प्रत्यास्थ परिदृश्य प्रबंधन, ग्रामीण उद्यमिता, पारिस्थितिकी पर्यटन, बाँस-आधारित आजीविका, सतत कृषि तथा सामुदायिक प्रत्यास्थता जैसे विभिन्न विषयों को शामिल किया गया।

इसी दौरान “जलवायु परिवर्तन एवं नेट-जीरो विकास” विषय पर तकनीकी सत्र-VI का आयोजन हेमांगबिस्वा सभा कक्ष में समानांतर रूप से किया गया। सत्र की अध्यक्षता प्रो. एस. के. त्रिपाठी एवं प्रो. सुमित चक्रवर्ती ने की तथा प्रो. सुदीप्तो रॉय सह-अध्यक्ष रहे। डॉ. अविनाश कुमार शिक्षक समन्वयक तथा डॉ. सौरभ देब सत्र के आमंत्रित वक्ता थे। सत्र में 11 प्रतिभागियों ने भाग लिया। प्रस्तुतियों में हिमालयी नदी बेसिनों पर मानवजनित प्रभाव एवं जलवायु प्रत्यास्थता, बाँस एवं वन पारितंत्रों में कार्बन भंडारण, स्थानांतरण कृषि करने वाले किसानों में जलवायु परिवर्तन संबंधी संवेदनशीलता एवं अनुकूलन, वनाग्नि तथा कार्बन उत्सर्जन में कमी लाने की रणनीतियों से संबंधित अध्ययन प्रस्तुत किए गए। यह सत्र हिमालयी क्षेत्र के समक्ष वर्तमान पर्यावरणीय चुनौतियों की दृष्टि से विशेष रूप से प्रासंगिक रहा और इसमें शमन तथा अनुकूलन दोनों उपायों की आवश्यकता पर बल दिया गया।

संगोष्ठी का समापन 25 जुलाई, 2026 को बिपिन चंद्र पाल सेमिनार हॉल में आयोजित समापन सत्र के साथ हुआ। सत्र का संचालन भावना शर्मा ने किया। सत्र के प्रारंभ में संगोष्ठी के संयोजक प्रो. अरुण ज्योति नाथ ने संगोष्ठी का संक्षिप्त विवरण प्रस्तुत किया। इसके पश्चात प्रो. राजीव मोहन पंत, कुलपति, असम विश्वविद्यालय, सिलचर; प्रो. अन्नपूर्णा नौटियाल, पूर्व कुलपति, एचएनबी गढ़वाल विश्वविद्यालय, उत्तराखंड तथा प्रो. मनबेंद्र दत्ता चौधरी, कुलपति, रवींद्रनाथ ठाकुर विश्वविद्यालय, होजाई ने समापन उद्बोधन दिए और दो दिवसीय संगोष्ठी के दौरान प्रमुख विषयों एवं हुए विचार-विमर्श पर अपने विचार व्यक्त किए। संगोष्ठी में उत्तर-पूर्वी परिषद (NEC) के सचिव श्री अंगशुमान डे भी उपस्थित रहे। उन्होंने सभा को संबोधित करते हुए उत्तर-पूर्वी परिषद के उद्देश्यों एवं कार्यों, हिमालयी क्षेत्र के लिए इसकी परिकल्पना तथा विकसित भारत@2047 के व्यापक लक्ष्य में इसके योगदान पर प्रकाश डाला। उन्होंने क्षेत्रीय चुनौतियों के समाधान तथा सतत विकास को बढ़ावा देने में वैज्ञानिक समुदाय, शोधकर्ताओं एवं जनसहभागिता की महत्वपूर्ण भूमिका पर बल दिया। सत्र का समापन डॉ. अर्णब पॉल द्वारा धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ।

TECHNICAL SESSION

CULTURAL PROGRAMME

VALEDICTORY SESSION

NATIONAL SEMINAR ON
ROLE OF THE HIMALAYA
IN ACHIEVING THE VISION OF
VIKSIT BHARAT 2047
24 - 25 JULY, 2026
ORGANISED BY:
Disaster Risk Reduction Club,
Assam University, Silchar
IN COLLABORATION WITH
Connecting Himalaya
FUNDED BY:
North Eastern Council (NEC), Shillong,
Ministry of Development of
North Eastern Region (DoNER)

ROLE OF THE HIMALAYA
IN ACHIEVING THE VISION OF
VIKSIT BHARAT 2047

DRR
CLUB
NATIONAL
ORGANISED BY:
Disaster Risk Reduction